# दिनॉक 27.05.2025 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर की समस्त ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :-

1– मुख्य विकास अधिकारी महोदया, सीतापुर।
2– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
3– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
4– डी0सी0, डी0पी0एम0यू0 सीतापुर।
5– मेसर्स एन0सी0सी0 लि0, सीतापुर।
6– मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो सीतापुर।
7– समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी(आई0एस0ए0), सीतापुर।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में की गयी समीक्षा बैठक के बिन्दुओ पर चर्चा की गयी तदोपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी।

**मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0–**

1– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0 को आवंटित 799 राजस्व ग्राम में सम्मिलित 563 ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति 535 प्राक्कलनों में प्रस्तावित 536 नग नलकूपों के सापेक्ष समस्त 536 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 536 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 512 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है जिसमें 506 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 536 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 534 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें से 267 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 536 नग बाउण्ड्रीवॉल के सापेक्ष 435 नग बाउण्ड्रीवॉल का कार्य प्रगति पर है जिसमें 330 नग बाउण्ड्रीवॉल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 6454 कि0मी0 के सापेक्ष 6429 कि0मी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित गृह जल संयोजन 278165 नग के सापेक्ष 258910 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रस्तावित 536 नग सोलर के सापेक्ष 536 नग सोलर का कार्य प्रगति पर है जिसमें 523 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित फर्म को योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए कार्यों की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

2– अधिशासी अभियन्ता द्वारा 02 वर्ष से अधिक समय व्यतीत कार्यदायी फर्म मे0 लार्सेन एण्ड टूब्रो लि0 द्वारा निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा 02 वर्ष से अधिक समय व्यतीत 34 नग पाइप पेयजल योजनाओं जिनकी प्रगति 75 से 99 प्रतिशत के अन्तर्गत है, उन योजनाओं को अग्रिम 02 सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देश दिये गये।

3– अधिशासी अभियन्ता द्वारा 03 वर्ष से अधिक समय व्यतीत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजकी व्यक्त करते हुए 03 वर्ष से अधिक समय व्यतीत 63 नग पाइप पेयजल योजनाओं जिनकी प्रगति 75 से 99 प्रतिशत के अन्तर्गत है, उनमें से 30 नग योजनाओं को अग्रिम 02 सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देश दिये गये।



Scanned by CamScanner

4— अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म के पास पर्याप्त मैनपॉवर न होने के कारण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं मिल पा रही है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म को 02 सप्ताह के अन्दर प्रर्याप्त (1000 नग) तक मैनपॉवर बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

मे0 एन0सी0सी0 लि0—

1— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि मे0 एन0सी0सी0 लि0 को आवंटित 1455 राजस्व ग्रामों में सम्मिलित 996 ग्राम पंचायतों में पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु स्वीकृति 797 प्राक्कलनों (783 नग नये + 14 नग पुनर्गठन ) में प्रस्तावित 786 नग नलकूपों के सापेक्ष 786 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 786 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 786 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है जिसमें 782 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 783 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 783 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है जिसमें से 322 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित 786 नग बाउण्ड्रीवॉल के सापेक्ष 786 नग बाउण्ड्रीवॉल का कार्य प्रगति पर है जिसमें 782 नग बाउण्ड्रीवॉल का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित वितरण प्रणाली 10387 कि0मी0 के सापेक्ष 10076 कि0मी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्रस्तावित गृह जल संयोजन 411653 नग के सापेक्ष 401477 नग गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रस्तावित 786 नग सोलर के सापेक्ष 786 नग सोलर का कार्य प्रगति पर है जिसमें 783 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित फर्म को योजनाओं पर मैनपावर बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये।

2— अधिशासी अभियन्ता द्वारा 02 वर्ष से अधिक समय व्यतीत कार्यदायी फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा 02 वर्ष से अधिक समय व्यतीत 402 नग पाइप पेयजल योजनाओं जिनकी प्रगति 75 से 99 प्रतिशत के अन्तर्गत है, उनमें से 80 नग योजनाओं को अग्रिम 02 सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देश दिये गये।

3— अधिशासी अभियन्ता द्वारा 03 वर्ष से अधिक समय व्यतीत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजकी व्यक्त करते हुए 03 वर्ष से अधिक समय व्यतीत 44 नग पाइप पेयजल योजनाओं जिनकी प्रगति 75 से 99 प्रतिशत के अन्तर्गत है, उनमें से 35 नग योजनाओं को अग्रिम 02 सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देश दिये गये।

सेन्सिस टेक लि0 ( टी0पी0आई0ए0)—

1— मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा शिरोपरि जलाशय की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई जिस क्रम में मेसर्स सेन्सिस टेक लि0 टी0पी0आई0 के डी0टी0एल0 द्वारा अवगत कराया गया कि शिरोपरि जलाशय की गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु प्रत्येक विकास खण्ड हेतु नामित टी0पी0आई0 के साइट इंजीनियर एवंज ल निगम(ग्रामीण) के सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर द्वारा संयुक्त निरीक्षण निरन्तर किया जा रहा है एवं कार्य स्थल पर पायी जा रही कमियों को ठीक कराया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त टी0पी0आई0 के डी0टी0एल0 द्वारा Zink Alum टैंक के अधिष्ठापन के उपरान्त टैंक के ऊपर लाइटिनिंग अरेस्टर अधिष्ठापित नहीं कराया जा रहा है। जो आगामी वर्षा ऋतु में शिरोपरि जलाशय के सुरक्षा के दृष्टिगत उचित नहीं है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा सम्बन्धित दोनों फर्मो को अतिशीघ्र सभी अधिष्ठापित किये गये Zink Alum टैंकों पर लाइटिनिंग अरेस्टर लगाने के निर्देश दिये गये।



Scanned by CamScanner

डी0पी0एम0यू0–

1– मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा निर्मित शिरोपरि जलाशय की वॉल पेन्टिंग के बारे में जानकारी जाही गई जिस सम्बन्ध में जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि आपके निर्देशानुसार जनपद में वर्तमान तक 59 शिरोपरि जलाशय की वॉल पेन्टिंग का कार्य पूर्ण कराया गया है तथा शेष कार्य प्रगति पर है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 को वॉल पेन्टिंग का कार्य पूर्ण शिरोपरि जलाशय की डिजिटल डायरी बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

बैठक के अन्त में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत हर घर जल रिर्पोटेड 605 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष वर्तमान तक मात्र 277 नग "हर घर जल" प्रमाणीकरण किया गया है जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असन्तोष व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता को 50 राजस्व ग्रामों, जिनका हर घर जल प्रमाणीकृत कराया जा सकता है, की सूची सम्बन्धित फर्मों से प्राप्त करते हुए उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा दोनों फर्मो को वितरण प्रणाली बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़को की मरम्मत/पुनर्स्थापना का कार्य युद्ध स्तर पर कराते हुए आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण कराने हेतु कठोर निर्देश दिये गये।

उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में पूर्ण शिरोपरि जलाशयों की तकनीकी जॉच किसी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई0आई0टी0) से कराने तथा निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशयों की जॉच लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग से कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता,<br>खण्ड कार्यालय,<br>उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),<br>सीतापुर<br>(सदस्य सचिव) | मुख्य विकास अधिकारी,<br>सीतापुर (उपाध्यक्ष) | जिलाधिकारी,<br>सीतापुर।<br>(अध्यक्ष) |

पृ0 संख्याः / / दिनॉक / /

*प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।*

1– मुख्य विकास अधिकारी महोदया, सीतापुर।
2– जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
4– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
5– प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
6– डी0पी0एम0यू0 सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)



Scanned by CamScanner